हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 36 .8 डिग्री से.
न्यूनतम 28 .6 डिग्री से.

# एक घंटे में ही शहर जलमग्न

## करोड़ों खर्च, फिर भी पहली बारिश में ही डूब गई सड़कें

## निगम की जल निकासी व्यवस्था की खोली पोल

## लोगों व वाहन चालकों को उठानी पड़ी परेशानी


शनि मंदिर अंडरपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में सोमवार को मानसून ने अलग-अलग रंग दिखाए। लाइन पार क्षेत्र में करीब एक घंटे की झमाझम बारिश से सड़कें और गलियां जलमग्न हो गईं, जबकि शहर के कई सेक्टरों और अन्य हिस्सों में केवल हल्की बूंदाबांदी के बाद दोबारा तेज धूप निकल आई। बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव ने करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़कों और नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। दोपहर करीब 11:45 बजे गोहाना रोड, मिशन चौक, वेस्ट रामनगर, गुड़ मंडी, लघु सचिवालय क्षेत्र और लाइन पार के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। कुछ ही देर में सड़कें और गलियां पानी से लबालब हो गईं। शनि मंदिर अंडरपास, तिरंगा चौक, हिंदू स्कूल के पास की गली, तीन नलकों वाली गली और सूरी पेट्रोल पंप क्षेत्र में जलभराव के कारण लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। 2 जुलाई को जिले में मानसून की दस्तक के बाद यह तीसरा मौका रहा, जब शहर के एक हिस्से में अच्छी बारिश हुई। करीब चार घंटे तक बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन दोपहर बाद धूप निकलने से उमस फिर बढ़ गई। बारिश के बाद जगह-जगह हुए जलभराव ने नगर निगम की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और जल निकासी पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद थोड़ी देर की बारिश में ही कई इलाके तालाब बन गए।


कोर्ट रोड हिंदू स्कूल

### 10 तक बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से मानसून सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 10 जुलाई तक सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर तेज बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह धूप और उमस के बाद दोपहर में मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई।

### अगले चार दिन तक मानसून सक्रिय रहेगा

अगले चार दिनों तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। 10 जुलाई तक सोनीपत और एनसीआर के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी।

- प्रो. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ

वेस्ट रामनगर की गली बनी तालाब




तीन नलकों वाली गली

## खबर संक्षेप

### अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस : ममता सिंह



**सोनीपत।** राई स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में सोमवार को पुलिस आयुक्त ममता सिंह की अध्यक्षता में क्राइम रिव्यू बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की प्रगति, गंभीर अपराधों की विवेचना, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान, सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) राजपाल सिंह तथा जिले की सभी क्राइम यूनिटों के प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए प्रभावी, निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, स्नैचिंग, वाहन चोरी, साइबर अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया।

### अवैध हथियार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार बरामदगी मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोनक निवासी खरार, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) और तुषार निवासी लिलोन, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 12 जून को गोहाना-सोनीपत रोड स्थित रतनगढ़ मोड़ के पास सूचना के आधार पर वेदप्रकाश निवासी भठगांव को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल, मैगजीन में पांच कारतूस और 57 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। इस संबंध में थाना मोहाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में पहले ही वेदराज, राहुल और सचिन उर्फ चीनू को गिरफ्तार कर चुकी है। अब रोनक और तुषार से पुलिस रिमांड के दौरान अवैध हथियारों के नेटवर्क को खंगालने की तैयारी कर रही है।




# केएमपी एक्सप्रेसवे पर ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, चालक जिंदा जला

## मानेसर की ओर जा रहे ट्रक में टक्कर के बाद भड़की आग, बाहर नहीं निकल सका चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

केएमपी एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा सुबह करीब पांच बजे मानेसर की ओर जाने वाले मार्ग पर हुआ। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक बाबर अली (47) निवासी स्तलम्पुर, जिला समस्तीपुर (बिहार) के ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई। आग तेजी से फैलने के कारण चालक ट्रक से बाहर नहीं निकल सका और मौके पर ही उसकी जलकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने के बाद शव को बाहर निकालकर



पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल, सोनीपत भेजा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### चलती कार में लगी आग बाल-बाल बचा दंपती

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर गांव चौहान जोशी के पास सोमवार रात चलती कार में आग लगने से वह पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि चालक और उसकी पत्नी समय रहते कार से उतर गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दिल्ली के नरेला स्थित संजय कॉलोनी निवासी चिराग शर्मा अपनी पत्नी कोमल के साथ बलेनो कार से मुरथल जा रहे थे। रात करीब 8:30 बजे चौहान जोशी के पास कार के इंजन से धुआं उठने लगा। चालक ने तुरंत कार सड़क किनारे रोक दी और दोनों वाहन से उतर गए। कुछ ही देर बाद इंजन में आग भड़क गई और देखते ही देखते कार का अगला हिस्सा आग की चपेट में आ गया। सूचना पर एजुकेशन सिटी (राई) स्थित अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# पड़ोसियों से झगड़े के बाद युवक की मौत, चार पर केस

- पोस्टमार्टम में सिर की गंभीर चोट से मौत की पुष्टि, पुलिस को विसरा रिपोर्ट का इंतजार

**सोनीपत।** कुंडली की घी मिल कॉलोनी में पड़ोसियों से हुए विवाद के बाद युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नया मोड़ आ गया है। चिकित्सीय रिपोर्ट में सिर की गंभीर चोट से मौत की पुष्टि होने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के डांडी गांव निवासी सन्नी देवल अपने मौसेरे भाई गुड्डु के साथ कुंडली की घी मिल कॉलोनी में रहकर काम करता था। गुड्डु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जून की शाम दोनों कमरे के बाहर रुपये गिन रहे थे। इसी दौरान वहां खड़े होने को लेकर पड़ोस में रहने वाली अंकिता, नेहा, विवेक और संजय से कहासुनी हो गई, जो बाद में झगड़े में बदल गई। शिकायत के अनुसार कुछ देर बाद बिजली चली गई और अंधेरा हो गया। इसी दौरान सन्नी अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसे तुरंत दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।प्रारंभिक जांच में पुलिस ने संदिग्ध मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल, जहांगीरपुरी में कराया।

### सिर की चोट से हुई मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि सन्नी की मौत सिर पर लगी गंभीर चोट से मस्तिष्क को हुए नुकसान के कारण हुई। चिकित्सकों ने यह भी जांच के लिए विसरा सुरक्षित रखा है कि घटना के समय मृतक ने किसी प्रकार का नशीला पदार्थ तो नहीं लिया था।

## बारिश के साथ बढ़ा मच्छरों का खतरा, स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई निगरानी

# राई में 50 वर्षीय व्यक्ति डेंगू से पीड़ित मिला, संख्या बढ़कर सात हुई, एक मलेरिया के कारण बीमार

स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्र में कराई फॉगिंग, 166 टीमें घर-घर जाकर लार्वा सर्वे और जागरूकता अभियान चला रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मानसून के आगमन के साथ जिले में डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। राई क्षेत्र में 50 वर्षीय एक व्यक्ति में डेंगू की पुष्टि होने के बाद जिले में मरीजों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। वहीं, इस वर्ष अब तक मलेरिया का एक मामला भी सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लैब रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि होने के बाद प्रभावित क्षेत्र में फॉगिंग कराई गई। साथ ही मरीज के आसपास के 50 घरों में स्वास्थ्य टीम ने सर्वे कर लोगों के रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। स्वास्थ्य विभाग जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मना रहा है। इसके तहत जिले में 166 विशेष टीमें सक्रिय हैं। इनमें 160 टीमें ग्रामीण क्षेत्रों और छह टीमें शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर लार्वा सर्वे, फॉगिंग और जागरूकता अभियान चला रही हैं। आशा कार्यकर्ता भी लोगों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के उपाय बता रही हैं।


**सोनीपत।** राई क्षेत्र में महिलाओं के रक्त के नमूने लेती टीम।


**सोनीपत ।** असावरपुर में नालियों में दवाई का छिड़काव करता स्वास्थ्य कर्मी।

### हॉट स्पॉट क्षेत्रों पर विशेष नजर

उप सिविल सर्जन डॉ. योगेश गोयल ने बताया कि बारिश के मौसम में मच्छरों का प्रजनन बढ़ जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी शुरू कर दी है। जिन इलाकों में डेंगू के मरीज मिले हैं, वहां नियमित निरीक्षण, लार्वा जांच और फॉगिंग कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर काम कर रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कठोर कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले में आरोपित को दोषी करार देते हुए पॉक्सो अधिनियम के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर कुल 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, जिसमें से 40 हजार रुपये की राशि पीड़िता को सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में दर्ज मामले के अनुसार, एक 15 वर्षीय किशोरी 1 अप्रैल 2025 को तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इस संबंध में किशोरी की मां ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उनके पड़ोस में किराए पर रहने वाला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला संत कबीरनगर के गांव जमुहट का निवासी शिवकुमार उर्फ भयूरा साहनी उनकी बेटी को बहकाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने 10 अप्रैल 2025 को आरोपित को रेवाड़ी जिले के बावल औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। तफ्तीश के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपित किशोरी को बावल क्षेत्र में ले गया था और वहां एक किराए का कमरा लेकर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में पुख्ता साक्ष्य जुटाने के बाद पॉक्सो अधिनियम की धारा-4 सहित अन्य सुसंगत धाराएं जोड़कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से मेडिकल रिपोर्ट, दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के बयान पेश किए गए। दोनों पक्षों की दलीलों और सबूतों को देखने के बाद अदालत ने आरोपित को दोषी ठहराया। माननीय न्यायाधीश ने पॉक्सो अधिनियम में दोषी को 20 साल के सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके साथ ही बीएनएस की धारा 137(2) में तीन वर्ष और धारा 96 में पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ क्रमशः दो हजार और तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी और न्यायिक हिरासत के दौरान काटी गई अवधि को मुख्य सजा में समायोजित किया जाएगा।



- जुर्माना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने के आदेश



आज की स्त्री केवल घर-परिवार की तमाम जिम्मेदारियों के बीच दबकर नहीं रहना चाहती। वह साझा जिम्मेदारियों में यकीन करती है। वह अपनी परंपरागत छवि से निकलकर ऐसी जिंदगी जीना चाहती है कि उसे परिवार-समाज में मान-सम्मान मिले, उसका भी एक अस्तित्व हो। पर्सनल लाइफ में ही नहीं, प्रोफेशनल लाइफ में भी वह डिसीजनमेकर बने। नए दौर की स्त्री, आत्मविश्वासी होकर स्वाभिमान से जीवन जीना चाहती है। वह अपनी अस्मिता को लेकर पूरी तरह जागरूक रहती है।

# अपनी अस्मिता के लिए जागरूक आज की स्त्री

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

स्त्री को सदैव सौम्यता की प्रतिमूर्ति माना गया है। जॉन ग्रे की प्रसिद्ध पुस्तक 'पुरुष मंगल से हैं, स्त्रियां शुक्र से', इस बात की पुष्टि करती है। मतलब स्त्रियां सौम्य और कोमल स्वभाव की होती हैं। आमतौर पर परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल की भूमिका निभाती हैं। लेकिन आज सामाजिक परिवेश ही नहीं, व्यक्तिगत सोच भी तेजी से बदल रही है। स्त्रियां अब केवल 'वीनस' यानी अपनी सौम्य और पारंपरिक छवि से बाहर ही नहीं निकल रही हैं। वे मंगल यानी साहस और नेतृत्व के गुणों को भी अपना चुकी हैं। स्त्रियों की छवि अब केवल त्याग की प्रतिमूर्ति वाली नहीं रही, अब उनकी पहचान एक निर्णय लेने वाली, आत्मविश्वास से भरी स्त्री के रूप में उभरी है। पहले स्त्रियों को केवल 'देखभाल' और 'ममता' से जोड़कर देखा जाता था। आज उनकी छवि 'अल्फा फी-मेल' की है, जो घर और ऑफिस दोनों मोर्चों पर नेतृत्व करती हैं। अब वे केवल एक 'सपोर्ट सिस्टम' नहीं, बल्कि 'सिस्टम' चलाने वाली बन गई हैं।

## स्वयं की पहचान पहले

आधुनिक स्त्रियों की आदतों में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि वे दूसरों की जरूरतों से पहले अपने आत्म-सम्मान और करियर को प्राथमिकता देने लगी हैं। आज स्त्रियों के लिए उनकी अपनी पहचान किसी भी रिश्ते से ऊपर है। वे खुद को खोकर किसी रिश्ते को बचाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पारंपरिक ढांचे से अलग 'जेंडर रोल्स' यानी लिंग आधारित भूमिकाएं अब अप्रासंगिक हो रही हैं।

## आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों के समीकरण बदल दिए हैं। अब वे केवल सुरक्षा के लिए रिश्तों में नहीं रहतीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देती हैं। खर्च करने और निवेश करने की आदतों में महिलाएं अब पुरुषों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी वित्तीय योजनाएं खुद बनाती हैं, जो उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता का द्योतक है। अपनी कमाई को अपनी पसंद पर खर्च करना



और अपने सपनों जैसे अकेले यात्रा करना या शौक पूरे करने के लिए समय निकालना उनकी जीवनशैली में शामिल हो गया है।

## भावनात्मक अपेक्षाएं

आज की स्त्रियां अपने साथी से केवल घर चलाने में मदद नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर गहरी समझ और साझेदारी की उम्मीद करती हैं। बदलते सामाजिक ढांचे के कारण पुरुषों और स्त्रियों के बीच जो 'एक्सपेक्टेशन गैप' यानी अपेक्षाओं का अंतर पैदा हुआ है, उसे समझना ही सुखद जीवन की कुंजी है।



### संचार का नया तरीका

**आज की** स्त्रियों के लिए संवाद केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तिगत स्पेस को परिभाषित करने के लिए भी जरूरी हो गया है। आज स्त्री-पुरुष के बीच समानता के भाव आपसी टकराव की समस्या का निदान है। रिश्तों में 'शक्ति प्रदर्शन' के बजाय 'समान भागीदारी' ही वह रास्ता है, जिससे 'वीनस' और 'मार्स' के बीच की दूरी कम की जा सकती है। स्त्रियां अब 'मौन' रहने के बजाय, अपनी बात मुखरता से रखना पसंद करती हैं। रिश्तों में अपनी सीमाओं को तय करना अब उनकी आदत बन गई है।

## पारिवारिक समीकरणों में बदलाव

आज की महिलाएं घर के कामों को केवल 'अपनी जिम्मेदारी' समझने के बजाय इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं, परिवार के सदस्यों में काम के बंटवारे की मांग करती हैं। घर और करियर के बीच संतुलन बनाना अब केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक साझा पारिवारिक प्रयास है। अपनी पसंद-नापसंद को स्पष्ट रूप से कहना अब जरूरी माना जाने लगा है। वे अब रिश्तों में 'एडजस्टमेंट' के नाम पर अपने अस्तित्व से समझौता नहीं करना चाहतीं।

## सोशल नेटवर्किंग से जुड़ाव

आज की स्त्रियों की आदतों में डिजिटल साक्षरता और सोशल नेटवर्किंग शामिल हो गई है। वे दुनिया भर की जानकारियों से अपडेट रहती हैं, जिससे उनकी सोच का दायरा बंधी सीमाओं को पार कर गया है।

## अपेक्षाओं का नया स्तर

आज की स्त्रियां जीवन साथी से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि बौद्धिक और मानसिक बराबरी की उम्मीद करती हैं। उनकी अपेक्षाएं अब पारंपरिक मानदंडों से कहीं अधिक ऊंची हैं। पहले वे छोटे-बड़े फैसलों के लिए पुरुष पर निर्भर रहती थीं। आज अधिकांश महिलाएं महत्वपूर्ण निर्णय खुद ले रही हैं।

## स्वास्थ्य के प्रति सजगता

अपनी सेहत को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत को छोड़कर, अब महिलाएं योग, जिम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अब कोई महिला 'जीरो फिगर' के पीछे भागने के बजाय 'मजबूत शरीर' और 'सक्रिय जीवनशैली' को अपनी आदत बना रही है। उसके लिए फिटनेस अब सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि शक्ति के लिए है।

## भावनात्मक आत्मनिर्भरता

पहले स्त्रियों को भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था। आधुनिक स्त्रियां अब अपनी खुशी के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने अपनी आदतों में 'सेल्फ-लव' और मानसिक मजबूती को शामिल कर लिया है। पारंपरिक बेड़ियों का त्याग करके वे अब उन आदतों और रीति-रिवाजों को चुनौती दे रही हैं, जो उसकी प्रगति में बाधक हैं। पितृसत्तात्मक सोच को नकारने में वे अब हिचक नहीं रही हैं।

## करियर और महत्वाकांक्षा

आज की स्त्रियों के लिए अब काम करना केवल समय बिताने का जरिया नहीं, बल्कि उनकी पहचान का हिस्सा है। उनकी आदतों में अब 'नेटवर्किंग', 'कौशल विकास' और 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' प्राथमिकता पर हैं। आधुनिक स्त्रियों ने अपनी आदतों में 'डेलिगेशन' (काम सौंपना) सीख लिया है। वह हर काम खुद करके थकने के बजाय तकनीक और संसाधनों का स्मार्ट उपयोग कर रही हैं। कहने का सारांश यही है कि आज की स्त्रियां आत्मनिर्भर हो रही हैं, अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए वे पूरी तरह जागरूक हैं।

---

कभी-कभी गुस्सा, चिंता, उदासी, डर, अपराधबोध और आत्ममुग्धता जैसी नकारात्मक भावनाएं भी हमें सही दिशा देकर सफलता और सुखी जीवन की राह पर लाती हैं। इस बारे में जानिए।

# कभी-कभी नकारात्मक भाव भी आपके लिए हो सकते हैं फायदेमंद

मनोभाव

**अंजू जैन**



यह बात पूरी तरह सच नहीं है कि केवल सकारात्मक भावनाएं ही जीवन में सफलता लाती हैं। कई बार बुरा वक्त और गुस्सा, चिंता, डर और अपराधबोध जैसी 'नकारात्मक भावनाएं' भी सफलता और विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण साबित होती हैं। अपने पूरे व्यक्तित्व को स्वीकार करना सफलता और संतुष्टि के लिए जरूरी है। समय-समय पर दुनिया भर के मनोविज्ञानियों, व्यवहार विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि नकारात्मक बातें भी हमारे लिए उपयोगी साबित होती हैं, कैसे जानिए-

**गुस्से की शक्ति:** गुस्सा हमेशा बुरा नहीं होता। यह वो ऊर्जा है, जो हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति देता है। जब हम किसी बात पर गुस्सा होते हैं, तो हमारा शरीर सक्रिय हो जाता है। गुस्से को यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, तो यह अपनी सेल्फ रेस्पेक्ट की रक्षा करने और समस्याओं को हल करने में ईंधन का काम करता है। गुस्सा हम में अधिकार की भावनाओं को मजबूत करने में मदद कर सकता है।



**चिंता एक रक्षा तंत्र है:** चिंता हमें संभावित खतरों के प्रति सचेत करती है, विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाती है। चिंता के वक्त हम अपने विभिन्न सहायता सूत्रों और अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में सक्षम हो जाते हैं।

**अपराधबोध सुधार का मार्ग है:** अपराधबोध हमें अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जब हमें अपराधबोध होता है, तो हम अपने व्यवहार को सुधारने और दूसरों के साथ संबंध ठीक करने की कोशिश करते हैं। यह हमें नैतिक बनाए रखने में भी मददगार होता है।

**ऊब-उदासी-दु:ख से सीख:** उदासी या ऊब जैसी असहज भावनाएं हमें अधिक विचारशील, साहसी और दूसरों के प्रति दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं। अपने 'अंधेरे पक्ष' को दबाने के बजाय उसका उपयोग करके हम एक अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकते हैं। सच्चा व्यक्तिगत विकास तब होता है, जब हम असहज स्थितियों जैसे ऊब, दु:ख या अकेलेपन का सामना करते हैं। ऊब हमें कुछ नया खोजने के लिए प्रेरित करती है, जबकि दु:ख हमें गहराई से सोचने और दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करता है।

**डर है सुरक्षा गार्ड जैसा:** रॉबर्ट बिस्वास-डाइनर और टॉड काशदान द्वारा लिखित पुस्तक 'द अपसाइड ऑफ योर डार्क साइड' में बताया गया है कि डर को खत्म करने के बजाय इसे एक ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। डर हमें गलतियों के प्रति सतर्क रखता है। आप चाहें तो 'डिफेंसिव पेसिमिज्म' का उपयोग कर सकती हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हम जानबूझकर सबसे खराब स्थिति की कल्पना करते हैं। जैसे खुद से पूछें, 'अगर मैं फेल हो गया तो सबसे बुरा क्या होगा?' जब आप सबसे बुरे परिणाम का अंदाजा लगाकर इससे निपटने की योजना बना लेती हैं, तो आपका दिमाग शांत हो जाता है, क्योंकि अब आपके पास एक 'प्लान बी' है। यह आपको निडर होकर काम करने की शक्ति देता है।

**आत्ममुग्धता के लाभ:** माना कि अत्यधिक आत्ममुग्धता बुरी है, लेकिन संतुलित रूप से आत्ममुग्धता स्वस्थ आत्मविश्वास के रूप में काम करती है। थोड़ा-सी आत्ममुग्धता व्यक्ति को साहसी बनाती है, जिससे वह भीड़ से अलग हटकर अपनी बात रख पाता है और कठिन नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाने में सक्षम होता है। आत्ममुग्धता के कुछ लक्षण व्यक्ति को अधिक उत्पादक, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी बना सकते हैं।

---

बच्चे और आप

**डॉ. मोनिका शर्मा**

अभिभावकों द्वारा कभी बच्चों को गुस्से में कहे गए शब्द, उनके मन में ऐसी खरोंच छोड़ जाते हैं, जिसके घातक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है, बच्चों से कभी कुछ ऐसा ना बोलें, जो उनके दिल को गहरी चोट पहुंचाए, वे अपमानित महसूस करें।

# बालमन पर न पड़े शब्दों की खरोंच..

अभिभावक हर हाल में अपने बच्चों की बेहतरी ही चाहते हैं। उनके भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। एक ही परिवार के सदस्य होने के नाते माता-पिता बच्चों से औपचारिक संवाद भी नहीं करते। उनकी बातें ज्यादातर स्पष्ट और सीधी होती हैं। समस्या यह है कि कई बार सीधे-सीधे कह दिए गए कुछ शब्द बच्चों के मन में गहरे घाव कर जाते हैं। हाल में हुई एक दु:खद घटना में कानपुर के चौबीस वर्षीय युवा का सुसाइड नोट पिता के कहे कुछ शब्द दिल में बसी निरादर यादें बनकर रह जाने का ही मामला है। उसने अपने सुसाइड नोट में पिता के अत्यधिक कठोर बर्ताव और बचपन के टॉर्चर को मौत की वजह बताया। बचपन में छोटी-छोटी गलतियों पर पिता की मार और मार्क्स कम आने पर घर से निकालने की धमकियां उसके लिए बहुत कड़वी यादें बन गई थीं।

**अपमान के घाव:** आमतौर पर बड़े सोचते हैं कि बच्चों को मान-अपमान का बर्ताव समझ में नहीं आता। सहज आक्रोश हो या तीखी बहस, बड़े बहुत कुछ बोलकर भूल जाते हैं। जबकि ऐसे ताने-उलाहने बच्चों के मन पर सदा के लिए अंकित हो जाते हैं। जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही अभिभावकों से भावनात्मक रूप से दूर हो जाते हैं। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। दुनिया के सबसे सुंदर रिश्ते में भी बच्चे असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। जिन शब्दों को कहकर हम बड़े भूल जाते हैं, बच्चे याद रखते हैं। न केवल याद रखते बल्कि याद दिलाते भी हैं, 'आपने तो ऐसा कहा था ना!' आमतौर पर इंसान मन दु:खाने वाली बातों को कभी नहीं भुला पाता। बच्चों का मन तो और कोमल होता है। उपेक्षा, अपमान और उपहास बहुत शिद्दत से याद रखता है।



कानपुर का उक्त मामला बताता है कि अभिभावक अपने शब्दों को जरा सधकर इस्तेमाल करें। अपनी शिकायत हो या समझाइश, थोड़ा ठहराव बरतें।

**इरादे पर भारी इमोशन:** कहे गए शब्दों से आहत होकर सुसाइड करने, घर छोड़ने या अपने अभिभावकों से दूरी बना लेने के मामले आए दिन सामने आते हैं। अभिभावक भी ऐसा कुछ होने पर उलझन में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनका इरादा अपने बच्चे के मन को ठेस पहुंचाने का नहीं होता। कभी परिस्थितिवश भी बहुत कुछ कह बैठते हैं तो कभी लहजा सख्त हो जाता है। समझना जरूरी है कि बच्चे, बड़ों के मन में छिपे इमोशंस को नहीं देख पाते। अभिभावकों के भले इरादे पर भी बालमन की आहत भावनाएं भारी पड़ जाती हैं। वे अभिभावकों को सबक सिखाने की बात सोचने लगते हैं। इसी इमोशनल बहाव में कोई पीड़ादाई कदम उठा लेते हैं। कई बार उम्र के एक पड़ाव को पार करने के बाद बच्चे अपने मन में दबे इस अपमान और दु:ख को और गहराई से महसूस करते हैं। अभिभावकों का हर बात में कंट्रोल करना और स्नेह नहीं जताना, बच्चों को जिंदगी के प्रति उदासीन बना देता है। इसीलिए अभिभावकों की मंशा ही नहीं मनोबल बढ़ाने या तोड़ने वाले शब्द भी मायने रखते हैं।

**दूसरों की मौजूदगी का दंश:** कड़वे शब्दों के साथ अगर उपहास और बेइज्जती भी जुड़ जाए तो यह दिल में कील की तरह धंस जाता है। दूसरों की मौजूदगी में किया गया अपमान बहुत गहरी टीस बन जाता है। इस युवा ने भी सुसाइड नोट में लिख छोड़ा है कि मोहल्ले और घर के बाहर अपशब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने की पीड़ा उसे आज भी थी। आमतौर पर हमारे परिवारों में बड़े भी एक-दूसरे से यह कहते दिखते हैं कि 'यह बात मुझे अकेले में कहते।' फिर घर के बड़े बच्चों को कुछ कहते-समझाते हुए यह बात क्यों भूल जाते हैं? अभिभावक घर के बाहर डांटने-डपटने की गलती तो बिल्कुल न करें। अभिभावकों को समझना होगा कि बालमन पर शब्दों की खरोंच न पड़े।

---

हेयर केयर

**नैंसी गुप्ता**

# हेयर मास्क से मानसून में बाल रहेंगे हेल्दी

बारिश का मौसम बालों के लिए कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ने के कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। साथ ही स्कैल्प में पसीना और गंदगी जमा होने से डैंड्रफ, खुजली और बाल झड़ने जैसी परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू हेयर मास्क की मदद से मानसून में भी बालों की चमक और मजबूती बनाए रखी जा सकती हैं। बारिश के मौसम में बालों की देखभाल के लिए कुछ प्रभावी घरेलू हेयर मास्क के बारे में यहां बता रहे हैं।



**दही-शहद का हेयर मास्क:** मानसून में बालों में नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। दही और शहद का मिश्रण बालों को गहराई से पोषण देने का काम करता है। इसके लिए दो चम्मच दही में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और बालों की लंबाई पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। यह मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।

**करी पत्ता-नारियल तेल मास्क:** करी पत्ता बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ करी पत्तों को पीसकर नारियल तेल में मिलाएं और इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर लगाएं। इससे उन्हें पोषण मिलेगा।



**केला-नारियल तेल मास्क:** बारिश के मौसम में फ्रिजी बालों की समस्या आम होती है। इसे कम करने के लिए पके हुए केले में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को बालों पर 25 से 30 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद बालों को धो लें। यह मास्क बालों को स्मूद बनाने के साथ-साथ उनकी प्राकृतिक चमक को भी बढ़ाता है।

**एलोवेरा-दही का मास्क:** यदि स्कैल्प में खुजली या डैंड्रफ की समस्या हो रही है, तो एलोवेरा और दही का हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। दो चम्मच ताजा एलोवेरा जैल में दो चम्मच दही मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। यह मिश्रण स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**मेथी-दही का मास्क:** रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर उसमें दही मिलाएं और बालों की जड़ों में लगाएं। लगभग आधे घंटे बाद बाल धो लें। यह मास्क बालों के झड़ने को कम करने और जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**(हेयर एक्सपर्ट ऐशानी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

सजेशन

**निधि गोयल**

आप वर्किंग वूमेन हों या फिर हाउसवाइफ, अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। आपका बेली फैट न बढ़े, इसके लिए आप कुछ ईजी एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

# ईजी एक्सरसाइज से बेली फैट होगा कम

आज के दौर में कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वूमेन तक और हाउसवाइफ भी अपनी फिगर को फिट रखना चाहती हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि इससे न केवल आप एनर्जेटिक फील करती हैं, हर तरह की ड्रेस पहन सकती हैं। फिट फिगर को मेंटेन करने में महिलाओं के लिए कॉमन प्रॉब्लम बेली फैट होता है। इसे कंट्रोल करने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो भी कुछ एक्सरसाइज से आप अपने बेली फैट को कम कर सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।


**तेज चाल से वॉकिंग:** रोजाना कुछ मिनट तेज चाल से वॉकिंग या रनिंग से सबसे जल्दी बेली फैट कम होता है। सो आप रोज सुबह, घर के बाहर किसी पार्क में या फिर सड़क किनारे तेज वॉकिंग कर सकती हैं। यदि वर्किंग हैं तो शाम को या फिर सुबह जल्दी उठकर तेज गति से वॉकिंग जरूर करें। कम से कम तीस से पैतालीस मिनट की डेली फास्ट स्पीड वॉकिंग आपके बेली फैट को कम करने में बहुत कारगर है।

**माउंटेन क्लाइंबर्स:** माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज में आपको जमीन पर उलटे हाथ के पंजो और पैर के पंजों के बल पर शरीर को उठाना होता है। इसके साथ तेजी से घुटनों को एक-एक करके आगे पीछे करना होता है। इसे भी तीन सेट में आपको करना चाहिए। इससे पेट और कोर मसल्स को मजबूती मिलती है और पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे बेली टोंड दिखने लगता है।









**प्लैंक:** जब आप अपना एक्सरसाइज रूटीन खत्म कर लें, खासकर जंपिंग जैक्स के बाद, आप कुछ मिनट प्लैंक जरूर करें। दरअसल, हार्ड वर्कआउट से शरीर गर्म हो जाता है और प्लैंक करते ही पेट पर इसका सीधा असर पड़ता है। ऐसा रोज करने से बेली फैट तेजी से कम होता है और उसकी मसल्स में टोनिंग आ जाती है। इसे करने के लिए आपको पेट के बल लेटकर हथेलियों और पैर के पंजे के बल पर शरीर को ऊपर उठाना होता है। ज्यादा से ज्यादा समय तक ऊपर रोककर रखना होता है। हर बार जितना संभव हो स्टे टाइम को बढ़ाते रहना होता है।

**जंपिंग जैक्स:** बेली फैट को कम करने के लिए जंपिंग जैक्स एक्सरसाइज भी बेहद फायदेमंद है। इसे तीन सेट में करना चाहिए। आरंभ में आप 15-15 स्टेप्स के तीन सेट में यह एक्सरसाइज करें। जंपिग जैक्स करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज होती है लेकिन इससे पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। यह एक्सरसाइज आप घर में कहीं भी खुली जगह में कर सकती हैं।

**इन बातों पर ध्यान दें:** जंक फूड खाने से बचें, ज्यादा से ज्यादा सलाद और फल खाएं। चीनी, कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। तली-भुनी चीजें कम से कम खाएं।

**(फिटनेस इंस्ट्रक्टर राहुल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### गलियों में भरा दूषित पानी, ग्रामीणों में रोष

**गन्नौर।** गांव भोगीपुर में नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण गलियों में गंदा पानी भर गया है। जलभराव और गंदगी से ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि कई गलियों में नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है और बदबू फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में दो ही सफाई कर्मचारी हैं, जिनसे पूरा गांव नहीं संभल सकता। ऐसे में सफाई न होने की वजह से नालियां गंद से अटी पड़ी है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है।

### 20वें दिन भी ठेका सफाई कर्मियों का धरना जारी

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना के बैनर तले चल रहा धरना सोमवार को 20वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि ठेका सफाई कर्मचारी प्रस्तावित पांच साल के टेंडर का लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार और नगर निगम प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा। इसके विरोध में यूनियन ने 7 जुलाई को ठेका प्रथा की अर्थी यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। युधिष्ठिर सौदा, मुकेश कर्मा, रविन्द्र, सोनू, रितेश, हिरेंद्र बिड़लान, रीना, रचना, सुनीता आदि मौजूद थे।

### स्कूल को रोटरी क्लब ने भेंट किए 5 सीलिंग फैन

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट ने सामाजिक सेवा के तहत रामावि, आरके कॉलोनी, मुरथल को पांच सीलिंग फैन भेंट किए। पंखों से विद्यार्थियों और स्टाफ को गर्मी के मौसम में बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष प्रमोद भुटानी ने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी जनहित के कार्य लगातार जारी रखेगा। कार्यक्रम में क्लब की फर्स्ट लेडी मोना भुटानी, असिस्टेंट गवर्नर रविंदर भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, सुधीर नागपाल, संदीप अंटिल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवन समर्पित किया

**खास बातें**

- विधायक ने 125वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** डॉ. मुखर्जी को नमन करते हुए विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।

महान राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। निखिल मदान ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, निर्भीक व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा से आज भी जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार और आदर्श राष्ट्र प्रथम की भावना तथा सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में निगम पार्षद सुनीता ब्रह्म प्रकाश राठी, पूर्व पार्षद अतुल जैन, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नरेश वर्मा, अनिल ग्रोवर, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, सुनील रोहिल्ला, अनिल बाजवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमेशा प्रेरित करता रहेगा


**सोनीपत।** डॉ. मुखर्जी को नमन करते हुए पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली साथ में अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

**सोनीपत।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के सेक्टर-15 स्थित निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित मोहन लाल बड़ौली सहित उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। देश की एकता के लिए उनका बलिदान हमेशा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नहरा, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार कटारिया, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद बैरागी, पार्षद त्रिभुवन कौशिक, वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद हुड्डा, जिला उपाध्यक्ष अजय दहिया उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पौधरोपण किया

**गोहाना।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा गोहाना मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित बलिदानी भगत सिंह पार्क में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी और महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वह आजाद भारत के बाद भारत सरकार में गृह मंत्री बने। पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर पर दोहरी नीति के कारण उन्होंने अपने सभी पदों से त्याग पत्र दे दिया था और 1951 में जनसंघ की स्थापना की। कार्यक्रम का संयोजन मंडल महामंत्री डॉ. विजेन्द्र खींची ने किया। इस अवसर पर सतीश सैनी, राजू पटवा, विजय निनानिया, राजेंद्र मेहरा, विजय मेहरा, अंशुल बंसल, राजू खन्ना, पवन सैनी व सतबीर सिंह उपस्थित रहे।

## बाबा कॉलोनी, मोहन नगर में खाली पड़े कई एकड़ प्लाटों में वर्षों से जलभराव

# नगर निगम 15 वर्ष बाद भी प्लाटों से पानी निकासी का नहीं धो पाया दाग

**बारिश में जहरीले कीट घरों में पहुंचने का लोगों में बना रहता है भय, कई बार निगम अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद नहीं हो रहा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** बाबा कॉलोनी में खाली पड़े प्लाटों में दूषित पानी का भराव।


**सोनीपत।** बाबा कॉलोनी में खाली प्लाटों में फैली गंदगी व उगी घास।

नगर निगम शहर की बाबा कॉलोनी, मोहन नगर में करीब 15 साल बाद भी प्लाटों से निकासी की अव्यवस्था का दाग नहीं धो पाया है। कॉलोनियों में कई एकड़ में खाली पड़े प्लाटों में धीरे-धीरे हुआ दूषित पानी का जलभराव अब अपने चरम पर है। लोगों का कहना है कि घरों से निकासी की अव्यवस्था के अभाव में उक्त प्लाटों में दूषित पानी जमा हो रहा है। नगर निगम के अंतर्गत आने के बावजूद इन कॉलोनियों के करीब 12 हजार लोग काफी समय से इस माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

वार्ड-10 की इन कॉलोनियों में कई बार दूषित पेयजल की आपूर्ति होने के अलावा घरों के आसपास लगते प्लाटों से निकासी के अभाव में जलभराव की स्थिति बनी है। कॉलोनी वासियों के समक्ष हर साल मानसून के दौरान प्लाटों में खड़े पानी की समस्या विकराल रूप ले लेती है। ऐसे में दूषित पानी प्लाटों से निकलकर सड़कों तक पहुंच जाता है, घरों के आगे भरा रहता है। जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। इससे जहां लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है, वहीं बारिश में हर समय जहरीले कीट घरों में पहुंचने का भय बना रहता है। स्थानीय लोग कई बार नगर निगम अधिकारियों से समस्या का समाधान करवाने की मांग कर चुके हैं।

### क्या बोले कॉलोनी वासी

**कई बार कर चुकी शिकायत**


कॉलोनी बसे करीब 15 से 20 साल हो गए हैं। आज तक किसी अधिकारी ने खाली पड़े प्लाटों में हुए दूषित पानी को निकलवाने की जहमत नहीं उठाई है। समस्या को लेकर कई बार नगर निगम अधिकारियों को शिकायत की गई है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

अंग्रेजो देवी

**मूलभूत सुविधाओं का अभाव**


कॉलोनी में निकासी व्यवस्था का अभाव है। यही कारण है कि खाली पड़े प्लाटों में दूषित पानी जमा हो रहा है। बारिश के दिनों में दूषित पानी सड़कों पर आने से स्थिति और भी भयावह हो जाती है। लोगों को टैक्स देने के बावजूद बिना मूलभूत सुविधाओं के दिन काटने पड़ रहे हैं।

शांति देवी।

### नरक लग रही जिंदगी

लोगों का आरोप है कि लाइन पार इन कॉलोनियों में थोड़ी बारिश के बाद ही गलियों में दूषित जलभराव की स्थिति बनी रहती है। सुचारू सीवर व्यवस्था के स्थानीय लोगों के समक्ष यह बड़ी समस्या खड़ी है। प्लाटों का दूषित पानी गलियों में भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि नगर निगम प्रशासन शहर में निकासी व्यवस्था के दुरुस्त होने के ढोल पीट रहा है। अधिकारियों को बार-बार अनुरोध करने के बावजूद आज तक प्लाटों का पानी नहीं निकाला गया है। बारिश की शुरुआत के साथ उनके सिर पर समस्याओं का बोझ पड़ता दिख रहा है। लोगों के पास अपने घर होने के बावजूद जिंदगी नरक दिखाई पड़ रही है।

### दूषित पानी ड्रेन-6 तक पहुंचाने का लक्ष्य

नगर निगम की ओर से बाबा कॉलोनी, मोहन नगर के खाली प्लाटों में हुए जलभराव को लेकर विशेष योजना तैयार की जा रही है। लोगों को इस पुरानी समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द एक मोटर लगवाकर दूषित पानी को बैयापुर खुर्द के रास्ते ड्रेन-6 तक पहुंचाया जाएगा, ताकि प्लाटों में खड़े दूषित पानी को निकाला जा सके। लोगों की समस्या का जल्द समाधान करवाने का निर्णय लिया गया है।

**-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत**

## न्यूज डायरी



### समाधान शिविर में शिकायतों के त्वरित निपटान के निर्देश

**गन्नौर।** लघु सचिवालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में गांधी नगर निवासी सतीश कुमार ने निजी स्कूल द्वारा बच्चों की 12वीं की अंकतालिका व स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट नहीं देने, समसपुर गामड़ा निवासी रामचंद्र ने परिवार पहचान पत्र में भूमि संबंधी त्रुटि तथा गढ़ी केसरी निवासी साधना ने बिजली मीटर गलत तरीके से नामांतरण करने की शिकायत दी। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र, आय संशोधन और वृद्धावस्था सम्मान भत्ता से संबंधित शिकायतें पहुंची। एसडीएम प्रवेश कादियान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने लगाया समर कार्निवल



**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की ओर से संचालित शुभ पाठशाला, स्नेह पाठशाला, संचित पाठशाला और वात्सल्य पाठशाला के करीब 400 बच्चों के लिए पहली बार समर कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ खुशी, मनोरंजन और अपनापन का अनुभव कराना था। कार्निवल में 500 से अधिक बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए 8 से 10 तरह के खेल, फिटनेस चैलेंज, फैशन शो, टैलेंट शो, ट्रैम्पोलिन, मिकी माउस, विशेष गोरिल्ला कैरेक्टर, बर्फ का गोला, रूहअफ्ज़ा, भेलपुरी और छोले-चावल जैसी कई आकर्षक गतिविधियां और खाद्य सामग्री पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया है।

### मजबूत नेतृत्व से ही सशक्त बनेगा संगठन : अशोक



**सोनीपत।** श्री अग्रसेन धाम में सोमवार को अग्रवाल वैश्य समाज का संगठन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पानीपत, सोनीपत और रोहतक जिले के पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि संगठन तभी प्रभावी बनता है, जब प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्वों को समझते हुए समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन की सफलता मजबूत टीम, स्पष्ट कार्यप्रणाली और निरंतर संवाद पर निर्भर करती है। अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष यदि अपने-अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें तो संगठन अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनता है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल ने कहा कि संगठन में प्रत्येक पदाधिकारी एक महत्वपूर्ण कड़ी है और सभी समयबद्ध तरीके से जिम्मेदारियां निभाएं तो संगठन की गति स्वतः बढ़ जाती है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिंगला ने कहा कि संगठन केवल बैठकों तक सीमित न रहकर समाज के हर वर्ग तक अपनी गतिविधियां पहुंचाए। प्रभारी प्रवीण गुप्ता ने पदाधिकारियों से समाज के बीच लगातार संवाद बनाए रखने और पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का आह्वान किया।



### पांच दिवसीय दक्षता वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन की आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सूर्य साधना स्थली, झिंझोली में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का पाँच दिवसीय दक्षता वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न प्रकल्पों से आए 40 पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण पीडीसी, योग दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, सूर्या संस्कार केंद्र, सूर्या क्लब, सूर्या सिलाई केंद्र एवं सूर्या कंप्यूटर केंद्र सहित विभिन्न सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी तीन माह की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ग्राम गौरव मिलन, सेवा पखवाड़ा, कृषि विकास एवं सफल प्रोजेक्ट जैसे विषयों पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। समापन सत्र में सूर्या फाउंडेशन के चेयरमैन जयप्रकाश अग्रवाल ने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवाभाव का प्रतीक


**राई।** मास्टर सत्यनारायण आंतिल के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

**राई।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद् एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बहालगढ़ स्थित मास्टर सत्यनारायण आंतिल के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके विचारों को याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की नई पीढ़ी को उनके जीवन संघर्ष और राष्ट्र सेवा से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का प्रतीक रहा है। उनके सिद्धांत और आदर्श आज भी लोगों को देशभक्ति और राष्ट्रहित की भावना से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**गन्नौर।** क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों ने सड़क, गलियों, बिजली और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं रखीं। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दतौली गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने माता वाली गली और बूढ़ी माता वाली गली के निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि लंबे समय से गलियां खस्ता हालत में है। बरसात के दिनों में जलभराव और कीचड़ की समस्या बढ़ जाती है। लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द से जल्द गलियों के निर्माण की मांग की। वहीं, भौरा रसूलपुर गांव के ग्रामीणों ने भौरा से अटायल व खेड़ी गुर्जर सीमा तक खेत के रास्ते को पक्का कराने की गुहार लगाई। उनका कहना है कि रास्ता खराब होने से किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत होती है। इसके अलावा चटिया औलिया ग्राम पंचायत ने गांव के विभिन्न कार्यों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और आवश्यक कार्यों की जल्द स्वीकृति दिलाने की मांग की। विधायक कादियान ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकता है।

## उद्योगों को पर्याप्त बिजली न मिलने से फैक्ट्री संचालन में हो रही परेशानी

- एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


**गन्नौर।** एचवीपीएनल के प्रबंध निदेशक के साथ बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

गन्नौर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को पर्याप्त बिजली न मिलने से फैक्ट्री संचालन में परेशानी उठानी पड़ रही है। वर्तमान में संचालित उद्योग अपनी जरूरत के अनुसार बिजली भार नहीं बढ़ा पा रहे हैं और नए उद्योग चलाने के लिए बिजली कनेक्शन नहीं मिल पा रहे। बिजली क्षमता की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे उद्योगपतियों को नुकसान होने के साथ ही रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक को पत्र सौंप कर बड़ी स्थित 220 केवी सब स्टेशन में अतिरिक्त 16/20 एमवीए, 132/11 केवी पावर ट्रांसफार्मर जल्द स्थापित कराने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि यह परियोजना पिछले तीन वर्षों से टेंडर प्रक्रिया में ही अटकी हुई है। फरवरी 2026 में एचवीपीएनएल के तत्कालीन प्रबंध निदेशक ने अप्रैल 2026 तक टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर के मार्च 2027 तक चालू होने की संभावना जताई, जिससे उद्योगपतियों निराश हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करीब 1200 औद्योगिक प्लांट विकसित किए जा चुके हैं।


**सोनीपत।** शिकायतों की सुनवाई करते हुए सुरेंद्र दून साथ में अधिकारीगण।

### शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा किया जाए

**सोनीपत।** पीजीआई खानपुर के अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई। शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों में मुख्य तौर पर गांव बड़वासनी निवासी ने शिकायत दी कि टयूबवैल की पाइपलाइन को अन्य पाइपलाइन दबाने पर उसे टूटने से बचाया जाए, गांव मलिकपुर निवासी ने रास्ते में लगे तीन ट्रांसफार्मर को किसी अन्य जगह स्थानांतरित करने की मांग की, गांव सिलाना निवासी ने संबंधित खाद एवं बीज भंडार द्वारा डीएपी खाद के साथ पोटाश और जिंक की दवाई जबरदस्ती देने की शिकायत दी, गांव अकबरपुर बारोटा निवासी ने राशन कार्ड दुबारा चालू करवाने, गांव भठगांव निवासी ने रामनगर कॉलोनी में स्थित उसके प्लॉट की पैमाइश करवाने एवं अवैध अतिक्रमण को रुकवाने, आरके कॉलोनी मुरथल निवासी ने सरकारी स्कूल के बच्चों के खेल के मैदान और कुछ गरीब व्यक्तियों के प्लॉटों पर कब्जा छुड़वाने की शिकायत समाधान शिविर में दी।

## एसआईआर को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

# मतदाता फार्म जमा करवाकर रिसीविंग अवश्य लें : इन्दुराज

**सरकार मतदाताओं के अधिकारों के साथ कर रही खिलवाड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


**गोहाना।** बैठक में कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए विधायक इंदुराज। *फोटो : हरिभूमि*

बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सोमवार को शहर में बरोदा मार्ग स्थित कांग्रेस विधानसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में विचार विमर्श के बाद विधायक ने एसआईआर अभियान की प्रगति रिपोर्ट की नियमित जानकारी प्राप्त करने के लिए खंडवार टीमों का गठन किया। विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को एक जैसे दो फॉर्म दिए जा रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि एक फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा करें तथा दूसरे फॉर्म पर उसके हस्ताक्षर करवाकर रिसीविंग अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उनके पास उसका प्रमाण रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बरोदा विधानसभा क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। क्षेत्र के 38 गांवों की वर्ष 2002 की मतदाता सूची आज तक उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इसके अतिरिक्त गांव आहुलाना के बूथ संख्या 151 पर लगभग 25 ऐसे मतदाता हैं, जो पिछले 25–30 वर्षों से लगातार मतदान करते आ रहे है।

### वोट अपडेट न होने की दी शिकायत



**खरखौदा।** गांव छिनौली निवासी योगेश ने खरखौदा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान शिकायत देकर आरोप लगाया कि उनके गांव के बीएलओ ने उनका वोटर सूची संबंधी फॉर्म जांच के लिए जमा नहीं किया है और उसे अपडेट करने से भी इनकार किया है। योगेश ने आशंका जताई कि इससे उनका नाम मतदाता सूची से कट सकता है। उन्होंने प्रशासन से नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बीएलओ अपनी मनमानी नहीं कर सकता। यदि किसी कर्मचारी द्वारा नियमों की अनदेखी या मनमानी की जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, संबंधित बीएलओ से बातचीत करने पर उन्होंने आरोपों से इनकार किया। उनका कहना था कि सभी मामलों में निर्वाचन आयोग के नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही कार्रवाई की जा रही है। यदि आवेदक के दस्तावेज और विवरण सही पाए जाते हैं तो वोट अपडेट कर दी जाएगी।

### विधायक निखिल मदान ने कालूपुर चौक इंडस्ट्रियल एरिया में वाटर बूस्टिंग स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

# सीवरेज व पेयजल आपूर्ति की शिकायतों पर भड़के विधायक, एजेंसी को करें ब्लैकलिस्ट

निरीक्षण के दौरान विधायक ने संतोषजनक कार्य न करने वाली एजेंसी को भुगतान न करने के दिए निर्देश

विधायक ने कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार, समाधान को लेकर अधिकारियों और एजेंसियों के प्रतिनिधि को दी सख्त चेतावनी

लोगों की समस्याओं को दूर करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई : विधायक निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने सोमवार को कालूपुर चौक इंडस्ट्रियल एरिया में वाटर बूस्टिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद नगर निगम अधिकारियों, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, सफाई का काम कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों, पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन का मरम्मत करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों, नगर निगम पार्षदों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर बैठक की। लाइन पार क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं पर भड़के विधायक ने एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

निखिल मदान ने बताया कि उन्हें रोजाना लाइन पार क्षेत्र से लोगों की पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व सफाई संबंधी शिकायतें मिल रही हैं। समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कालूपुर चौक इंडस्ट्रियल एरिया वाटर बूस्टिंग स्टेशन का



सोनीपत। कालूपुर चौक स्थित वाटर बूस्टिंग स्टेशन निरीक्षण के दौरान नगर निगम अधिकारियों, पार्षदों से बातचीत करते विधायक निखिल मदान।

औचक निरीक्षण किया। आमजन की समस्याओं में मुख्य तौर पर पेयजल आपूर्ति का कोई भी समय तय नहीं होना, कई कॉलोनियों में दूषित पेयजल की आपूर्ति, सीवरेज ब्लॉकेज, दूषित जलभराव से संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं। जिनका शिकायत दर्ज करने के बाद भी एजेंसियों की ओर से समाधान नहीं किया जा रहा है।

उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर विधायक ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया, एसडीओ मनजीत दहिया, कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार, कनिष्ठ अभियंता राहुल दहिया सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों से जवाब तलब किया।

पेयजल आपूर्ति में हर छठे महीने खराब होने वाली पानी की वॉल की समस्या को लेकर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसी को कार्य का भुगतान तभी किया जाए, जब तक संतोषजनक रिपोर्ट निगम के कनिष्ठ अभियंता की ओर से दी जाएगी।

**सीवरेज-पेयजल समस्या पर एजेंसी भुगतेगी जुर्माना**

निखिल मदान ने नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि सीवरेज का कार्य संभाल रही एजेंसी के सभी वाहनों व मशीनरी की जांच करवाई जाए, टेंडर के अनुसार उनकी मशीनरी और कामगारों की संख्या जांची जाए। साथ ही सीवरेज और पेयजल आपूर्ति की समस्या मिलने, शिकायत का समाधान नहीं होने पर एजेंसी पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाए। संतोषजनक कार्य न होने पर एजेंसी का भुगतान रोक लिया जाए। इस दौरान मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, नगर निगम पार्षद अनुराग जैन, सुनीता सतबीर भोला, सुनीता ब्रह्मप्रकाश राठी, राजकुमार शर्मा, पूर्व पार्षद अतुल जैन, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन नरेश वर्मा, राजेश वर्मा, अनिल ग्रोवर, अनिल बाजवान, एजेंसी प्रतिनिधि विनोद राठौर, नरेंद्र भोला, विशाल, राजेश इंदौरा मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित मेयर, अधिकारी एवं अन्य।

## दूषित पेयजल की शिकायतों पर मेयर सख्त

**सोनीपत।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों से दूषित पेयजल, कम जलापूर्ति और पानी की आपूर्ति में बाधा संबंधी शिकायतों के बाद नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने सोमवार को नगर निगम आयुक्त कार्यालय में जलापूर्ति शाखा के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर की लगभग एक दर्जन कॉलोनियों में मिल रही शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर राजीव जैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ जाती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों से दूषित पानी की शिकायतें मिल रही हैं, वहां संयुक्त टीम भेजकर सर्वे कराया जाए और दूषित पानी के कारणों का पता लगाकर तुरंत समाधान किया जाए। पेयजल पाइपलाइन में लीकेज, सीवरेज लाइन से क्रॉस कनेक्शन या अन्य तकनीकी खामियों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए। बैठक में सभी खराब ट्यूबवेलों की शीघ्र मरम्मत, वाल्वों के रखरखाव और वाटर बूस्टिंग स्टेशनों की मोटरों की नियमित जांच के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने प्रत्येक बूस्टिंग स्टेशन पर अतिरिक्त मोटर उपलब्ध रखने को कहा, ताकि जलापूर्ति बाधित न हो। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, कार्यकारी अभियंता पद्मभूषण, राहुल पुनिया, उपमंडल अभियंता देवेंद्र खासा, मंजीत दहिया, अमित शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सचिन राठी, सुधीर मोर, रोहताश, अमित व साहिल देशवाल उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन : सांगवान



**गोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद में हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। सोमवार को यह जानकारी भाजपा बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने दी। वे शहर में जींद मोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रदीप सांगवान ने बताया कि सोनीपत से जींद रेलवे लाइन पूर्व सांसद स्व किशन सिंह सांगवान के प्रयास से मंजूर हुई थी। अब रेलवे लाइन पर देश की पहली हाइड्रोन ट्रेन का संचालन एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को यह नई सौगात देंगे। पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव बुटाना स्थित जनता शिक्षण संस्थान में 9 जुलाई को अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। यह समारोह प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश भावड़, अशोक सेन, सरपंच इंद्रपाल, सरपंच पवन शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, ओमवीर वत्स, निर्मला मोई, प्रसन्नी मलिक, शिवकांत, सोनू मलिक व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

*ट्रैफिक पुलिस-नगर निगम की कार्रवाई*

## बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को चला अभियान

**सोनीपत।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सोमवार को बस स्टैंड क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। सिटी ट्रैफिक नॉर्थ जोन प्रभारी निरीक्षक हरिकिशन के नेतृत्व में बस स्टैंड से मुरथल अड्डा तक सड़क और



फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान सड़क किनारे बनाए गए अस्थायी ढांचे, रेहड़ियां, सामान और अन्य अवरोध हटाकर यातायात को बाधारहित बनाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों और अन्य लोगों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया।

*महिला महाविद्यालय में छात्रवृत्ति व सम्मान समारोह*

## मेधावियों को छात्रवृत्ति, दिव्यांग बच्चों को वर्दियां वितरित कीं

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत और मेजर आशीर्वाद ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. किरण सरोहा ने की। ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा एमके गौर और महेंद्र गौर ने बताया कि दिवंगत मेजर आशीर्वाद गौर की स्मृति में शुरू की गई छात्रवृत्ति हर वर्ष विभिन्न संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को दी जाएगी। समारोह में भूमि, डिंपल, कोमल, ललिता, नैना, यशिका, सोनिया और पायल को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जबकि दिव्यांग बच्चों को वर्दियां वितरित की गईं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनु और डिंपल प्रथम, इकरा और दीपांशी द्वितीय तथा निधि और निधि तृतीय रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, शिवानी द्वितीय और खुशबू रानी तृतीय रहीं। कार्यक्रम में डॉ. वंदना, डॉ. नवीन वशिष्ठ, रजवंती धनकर, डॉ. रेखा, डॉ. मंजीत, डॉ. अमित, डॉ. राजेश ढाका, डॉ. सतीश मलिक, डॉ. पूनम, डॉ. अमिता, डॉ. नरेश आंतिल आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। प्रतिभागी छात्राओं के साथ स्टाफ एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## धर्मशाला के संचालन में अनियमितताओं का आरोप, समाज से मांगा समर्थन

■ सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिलने पर अपील संचालन प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**सोनीपत।** सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद गोयल ने अग्रवाल समाज के नाम जारी पत्र में धर्मशाला के संचालन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से साजिश के तहत संस्था का पंजीकरण कराकर सीमित संख्या में सदस्यों को आजीवन सदस्य बनाते हुए धर्मशाला के प्रबंधन पर कब्जा कर लिया। उन्होंने दावा किया कि समाज के अधिकांश लोगों को इस प्रक्रिया की जानकारी नहीं दी गई।

पत्र में कहा गया है कि मामले से संबंधित जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई थी, लेकिन सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। इसके बाद संबंधित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी एवं जिला उद्योग केंद्र के जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी के समक्ष अपील दायर कर आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। फिलहाल संबंधित पक्ष की ओर से इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## गेटवे कॉलेज में ज्ञान एवं आस्था के मंदिर का शुभारंभ



गेटवे कॉलेज में मंदिर का शुभारंभ करते हुए।

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज, सोनीपत में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ 'ज्ञान एवं आस्था के पावन मंदिर' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने हवन में आहुति देकर संस्थान की प्रगति, सकारात्मक वातावरण और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के चेयरमैन राकेश अग्रवाल, गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. राहुल शर्मा, कॉलेज के निदेशक कर्नल डॉ. अमिक गर्ग आदि मौजूद रहे।

### 15 चालान, मॉडिफाइड बुलेट इंपाउंड

**खरखौदा।** खरखौदा के ट्रैफिक इंचार्ज एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गोपालपुर मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई, ताकि जाम की स्थिति न बने और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 15 चालान किए गए। वहीं, मॉडिफाइड साइलेंसर लगी एक बुलेट मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया गया। ट्रैफिक इंचार्ज एएसआई राजेश कुमार ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर विनोद कुमार व अन्य ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बच्चों में लैंगिक संवेदनशीलता का विकास कम उम्र से ही होना जरूरी



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान प्राचार्या गीता चोपड़ा व सीबीएसई रिसोर्स पर्सन जया प्रतिभागी शिक्षकों के साथ।

■ ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से लैंगिक संवेदनशीलता (जेंडर सेंसिटिविटी) विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 55 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन जया ने प्रतिभागी शिक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता के विविध पहलुओं से अवगत करवाया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में जेंडर पूर्वाग्रहों को पहचाने, रूढ़िवादी सोच को तोड़ने और छात्र-छात्राओं के लिए समान, सुरक्षित और समावेशी शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए प्रशिक्षित करना था। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि लैंगिक संवेदनशीलता का अर्थ है लिंग आधारित भेदभाव को मिटाना और प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो, महिला हो या ट्रांसजेंडर, सभी के प्रति सम्मान और समानता का भाव रखना।

इस मौके पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

*आरोप : कंडक्टर ने नागरिक पहचान पत्र दिखाने काटा पूरा टिकट...*

# मुख्यालय पहुंची वरिष्ठ नागरिकों से पूरा किराया वसूलने की शिकायत

■ शिकायतकर्ता ने रोडवेज विभाग के जिला महाप्रबंधक को सौंपा शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में संचालित एक प्राइवेट बस में कंडक्टर पर वरिष्ठ नागरिकों से गलत तरीके से पूरा किराया वसूलने का आरोप है। वरिष्ठ नागरिकों का आरोप है कि पहचान कंडक्टर ने नागरिक पहचान पत्र दिखाने के बावजूद मनमानी करते हुए उन्हें पूरा टिकट काटकर दिया, जबकि सरकार की योजना के अनुसार नागरिक पहचान पत्र दिखाने पर आधे टिकट का भुगतान करने का प्रावधान है। शिकायतकर्ता ने सोमवार को रोडवेज विभाग के जिला महाप्रबंधक को मामले की शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। अब मामला मुख्यालय तक पहुंच चुका है। जिला महाप्रबंधन ने कार्रवाई के लिए परिवहन प्राधिकरण के प्रदेश सचिव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-2, गली नंबर 12 निवासी श्यामलाल ने विभाग के जिला महाप्रबंधक को शिकायत पत्र देते हुए आपबीती सुनाई। वह 5 जुलाई को पत्नी राधा के साथ सुबह 7:15 बजे सोनीपत से बहादुरगढ़ जाने के लिए बस संख्या एचआर 69 एफ 2909 में सवार हुए। आरोप है कि जब



सोनीपत। बस अड्डा स्थित कार्यालय में जिला महाप्रबंधक को शिकायत पत्र देते शिकायतकर्ता श्यामलाल। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कंडक्टर को नागरिक पहचान पत्र होने का हवाला देते हुए आधा टिकट काटने को कहा, तो कंडक्टर ने टिकट काटने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। बहादुरगढ़ के लिए दोनों सवारियों की प्रति सवारी 60 रुपये के हिसाब से 120 टिकट काटकर उनके हाथ में थमा दी। साथ ही उसने अपना मोबाइल नंबर दिया, लेकिन कई बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाया। श्यामलाल ने जिला महाप्रबंधक से गुहार लगाई कि उनसे गैरकानूनी रूप से वसूला गया वापस लौटाया जाए। इसके अलावा नियमानुसार बस कंडक्टर पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। वहीं इस संबंध में रोडवेज विभाग के जिला महाप्रबंधक संजय कुमार ने शिकायत को उच्च अधिकारियों को भेज दिया है।

## न्यूज डायरी

### गन्नौर के जैन गर्ल्स पीजी कालेज में रक्तदान शिविर में 251 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कालेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में रोटरी क्लब सेंट्रल, लायंस क्लब गौरव, भारत विकास परिषद सहित अन्य संस्थाओं ने सहयोग किया। शिविर में विधायक देवेंद्र कादियान, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, सीसीएएस जैन एजुकेशनल सोसायटी अध्यक्ष आनंद जैन, सीसीएएस जैन स्कूल की प्रधानाचार्या शालिनी जैन ने शिरकत की। कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने जन्मदिवस पर रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर में 251 यूनिट रक्त एकत्र किया। प्रमाण पत्र-स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### गन्नौर में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गो उपचार केंद्र में हरा चारा वितरित किया

**गन्नौर।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को गढ़ी केसरी रोड स्थित गो उपचार केंद्र में गोसेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान गोवंश के लिए हरा



चारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने गोवंश को हरा चारा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोसेवा का विशेष महत्व है और प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्यों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वाल्मीकि मंदिर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पार्षद अंकित त्यागी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यार्थियों को वितरित किए गए पौधे

**गन्नौर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गन्नौर मंडी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान करीब 200 पौधे विद्यार्थियों को वितरित किए गए तथा प्रत्येक छात्र को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया



गया। इको क्लब प्रभारी एवं पीटीआई बबीता मलिक ने स्टाफ सदस्यों के सहयोग से सभी विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए। बबीता मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों को पौधों के महत्व के बारे में बताया। विद्यार्थियों को अपनी माताओं के साथ पौधे लगाने तथा उसकी तस्वीर लेने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। मौके पर प्रीति मलिक, राजेश, अनु, पिंकी, सुमन, शीतल सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### संदीप सबने सिटी क्लब आफ गन्नौर के अध्यक्ष



**गन्नौर।** समाजसेवा व क्षेत्र के विकास में सहयोग करने के उद्देश्य से बनाई गई सिटी क्लब आफ गन्नौर की पहली बैठक निजी रेस्तरां में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें संदीप सिंघल को क्लब का अध्यक्ष चुना गया। पवन जैन को संरक्षक, विकास जैन को सचिव तथा डा. संदीप जैन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का क्लब के सदस्यों ने स्वागत किया। अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि सिटी क्लब आफ गन्नौर का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, खेल गतिविधियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है। मौके पर मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, प्रयास स्कूल के प्रबंध निदेशक अमित बत्रा, संजीव गुप्ता, राजेश जैन, नितिन जिंदल, सुनील जैन आदि मौजूद रहे।

### कैडेट मानसी ने बढ़ाया कॉलेज का मान

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट मानसी ने एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अंबाला की ओर से आयोजित ड्रोन ट्रेनिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। यह प्रशिक्षण 20 से 29 जून तक मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल, राई में 2 हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, करनाल के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें उनका चयन 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत द्वारा किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान मानसी ने ड्रोन असेंबलिंग, एयरस्पेस नियम, सुरक्षा मानक और रखरखाव सहित कई तकनीकी पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा सभी परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए। प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक तकनीक में छात्राओं की भागीदारी कॉलेज के लिए गर्व की बात है। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर दूहन ने कहा कि ड्रोन तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि और सर्वेक्षण सहित अनेक क्षेत्रों में उपयोगी है।



### एसआईआर गणना प्रपत्र संग्रहण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: अंकित



गोहाना। सुपरवाइजरों और बीएलओ को निर्देश देते हुए एसडीएम अंकित कुमार। फोटो : हरिभूमि

■ मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए घर-घर सत्यापन अभियान में तेजी लाएं

**गोहाना।** एसडीएम अंकित कुमार ने सोमवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण)-2026 अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के संग्रहण कार्य की समीक्षा करते हुए सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के उपरांत एसडीएम ने गबांव कथूरा, भंडेरी और आहुलाना में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत गणना प्रपत्रों के संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन सुपरवाइजरों का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्रित करें तथा प्राप्त प्रपत्रों को समय पर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। एसडीएम अंकित कुमार ने सुपरवाइजरों को भी निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से फील्ड में जाकर बीएलओ के कार्य का निरीक्षण करें। मौके पर एईआरओ शिखा, एईआरओ लवल किशोर, स्पेशल एईआरओ सुंदर शर्मा, लेखाकार प्रवीन व संदीप मौजूद रहे।